# Abducted Women

# अपहृत महिलाएँ

## मोहम्मद जावेद द्वारा

*कोई इंसान इससे ज्यादा नीचे नहीं गिर सकता*

आरंभ

एक और बात जिससे मुझे दुख पहुँचता है वह यह कि वहाँ युवा महिलाएँ थीं - मुझे अब भी याद है -- जिनका उनके घरों से अपहरण कर लिया गया और ये बदमाश उन्हें उठा ले गए, उनका बलात्कार किया गया और उनमें से कुछ लौट आई, कुछ को शायद मार डाला गया या पता नहीं क्या किया गया। किसी को भी पता नहीं चला कि इन लड़कियों का क्या हुआ।

मैं जानता हूँ कि इस तरह की चीज़ें सीमा के दोनों तरफ हुईं। मुझे अब भी यकीन नहीं होता कि औरतें -- जो लोग ये सब कर रहे थे उनकी अपनी औरतें -- यह सब होता हुए देखकर भी खामोश कैसे रह सकीं। कोई भी इसके खिलाफ आवाज नहीं उठा रहा था क्योंकि आप चाहे जो कुछ भी कर लें, पर आप इससे ज्यादा नीचे नहीं जा सकते और खुद को इस स्तर तक नहीं गिरा सकते। आपके अपने घर पर भी औरतें हैं... वे उस समय क्यों नहीं बोलीं? उन्होंने विरोध क्यों नहीं किया? जब उनके घर के आदमी इस किस्म की चीज़ कर रहे थे तो उन्होंने उन्हें रोका क्यों नहीं?

लेकिन मैंने यह देखा है। मैं ऐसी औरतों को जानता हूँ। मैंने उन औरतों को भी देखा है जो वापस लौट आईं और उन्होंने आत्महत्या कर ली।

मेरे खयाल से कोई इंसान इससे ज्यादा नीचे नहीं गिर सकता... और हमने जो किया -- हम सबने, मैंने नहीं क्योंकि उस समय मैं बहुत छोटा था... लेकिन मेरे बुजुर्गों और सिख तथा हिंदू समुदायों के बुजुर्गों ने जो किया उसके लिए हमें शर्मिंदगी महसूस होनी चाहिए।

समाप्त